दिन– मंगलवार दिनांक– 01/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

वक्फ संशोधन विधेयक कल लोकसभा में पेश होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज संसद भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विधेयक पर चर्चा के लिए आठ घंटे का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि सदन की राय जानने के बाद चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार विधेयक पर सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है।

———————————————————————

नए वित्तीय वर्ष, दो हजार पच्चीस–छब्बीस की आज शुरूआत होने के साथ ही कई महत्वपूर्ण बदलाव प्रभावी हो गये हैं। बजट की घोषणा के अनुरूप आज से नया इनकम टैक्स स्लैब लागू हो गया है। इसके तहत बारह लाख रूपये तक की सालाना आमदनी वाले लोगों को किसी प्रकार का आयकर नहीं देना होगा।

केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस आज से लागू हो गयी है। यूपीएस को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस योजना से केंद्र सरकार के लगभग तेईस लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और केनरा बैंक समेत कई बैंकों ने बचत खाता में न्यूनतम राशि रखने संबंधी नियमों में बदलाव किया है। यदि ग्राहक के बैंक खाते में तय न्यूनतम राशि नहीं रहती है, तो उन पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम, एनपीसीआई के एक फैसले के अनुसार आज से उन लोगों का यूपीआई काम नहीं करेगा, जिनका मोबाईल नम्बर लंबे समय से निष्क्रिय है या इस्तेमाल में नहीं है।

आज से जीएसटी से संबंधी भी कुछ नए नियम प्रभावी हो गये हैं। अब करदाताओं की सुरक्षा के लिए जीएसटी पोर्टल पर मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन उपलब्ध हो गया है।

---

राज्य में आज से बिजली की नई दरें प्रभावी हो गई है। ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू और कुटीर ज्योति, बीपीएल कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को आज से चौवन पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी। प्रत्येक माह पचास यूनिट से अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को यह लाभ मिलेगा। वहीं, स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को आज से पच्चीस पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलने लगी है। ग्रामीण इलाके में जिन घरेलू उपभोक्ताओं ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रखे हैं, उन्हें उनासी पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी। नये नियमों के अनुसार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के छह महीने बाद तक लोड से अधिक खपत करने पर जुर्माना नहीं देना होगा। हालांकि जिन उपभोक्ताओं ने छह महीने पहले स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए हैं और वे अधिक खपत कर रहे हैं, तो उन्हें जुर्माना देना होगा। नई दरें इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस तक लागू रहेंगी।

---

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ आज नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। कल खरना का अनुष्ठान होगा। चार दिवसीय छठ पर्व चार अप्रैल को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हो जायेगा। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि नहाय–खाय को लेकर गंगा समेत प्रदेश के सभी प्रमुख नदी घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया कि देव सूर्य मंदिर में चैती छठ पूजा को लेकर विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। साथ ही आज से चार दिवसीय छठ मेला भी शुरू हो रहा है। इधर, आज चैती नवरात्र के तीसरे दिन देवी दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है।

---

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान छत्तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान औसत तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।